पेज थ्री देहरादून
# हमारा दून
देहरादून, रविवार 16 जनवरी 2022
पेज 8

बालगीत संग्रह पुस्तक का घुघूति–बासूति विमोचन



## संक्षिप्त समाचार

### स्पीकर ने विधायक प्रीतम सिंह पंवार का इस्तीफा स्वीकार किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार के विधानसभा सदस्य पद से दिए गए इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार द्वारा विगत दिनों विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा गया था जिसके क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने धनोल्टी विधायक का इस्तीफा मंजूर किया है।

### वरिष्ठ नेता मोहन लाल बौंठियाल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने देहरादून भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन लाल बौंठियाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त की है। विधानसभा अध्यक्ष ने मोहन लाल बौंठियाल के निधन पर दुख जताते हुए कहा उन्होनें सरकार व संगठन में विभिन्न पदों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कियाद्य वह हमेशा अपनी बेबाकी और ईमानदारी के लिए जाने जाते थे। उनका निधन पार्टी के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने हमेशा मृदुभाषी व सादगी के साथ अपना जीवन जिया।

### भंडारागार निगम प्रबंधन ने की भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण व्यवस्था ध्वस्तः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि 8–10 दिन पहले उत्तराखंड राज्य भंडारागार निगम ने 13 पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने को लेकर समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी की, जिसमें लेखाकार, भंडार अधीक्षक, भंडार सहायक, कनिष्ठ सहायक आदि पदों का उल्लेख किया गया। इस विज्ञप्ति में निगम प्रबंधन द्वारा आरक्षण व्यवस्था को तार–तार करने का काम किया गया।

### टिकट पक्का होने पर ही वह भाजपा में जाएंगी सरिता आर्य!

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस में टिकटों को अंतिम रूप दिए जाने की कवायद के साथ ही असंतोष मुखर होने लगा है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक सरिता आर्य ने भाजपा में शामिल होने के संकेत दिए हैं। शुक्रवार रात्रि उन्होंने भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि टिकट पक्का होने पर ही वह भाजपा में जाएंगी। सरिता आर्य कुमाऊं मंडल में नैनीताल सुरक्षित सीट से 2012 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुई थीं।

# खटीमा से लड़ूंगा चुनाव, जल्द जारी करेंगे प्रत्याशियों की लिस्ट

बैठक

■ उत्तराखंड भाजपा मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश कोर ग्रुप की हुई बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड भाजपा मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशी चयन को दावेदारों के पैनल पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कोर ग्रुप की बैठक के बाद कहा कि वह खटीमा से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी जल्द ही प्रत्याशियों की सूची भी जारी करेगी। बैठक खत्म होने के बाद केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रल्हाद जोशी ने बताया कि बैठक में चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई और बदली परिस्थितियों में चुनाव प्रचार किस तरह होगा, इसकी रणनीति तय की गई। इसके अलावा चुनाव से सम्बंधित अन्य विषयों पर भी विमर्श किया गया। उधर, सूत्रों ने बताया कि बैठक में विधानसभा सीटों के लिए तैयार पैनल पर भी विमर्श हुआ और सूची को शार्टलिस्ट किया गया।




**रविवार को पार्टी नेतृत्व को सौंपी जाएगी दावेदारों के पैनल की सूचीः** बैठक के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि दावेदारों के पैनल की सूची रविवार को दिल्ली में पार्टी नेतृत्व को सौंपी जाएगी। वहां रविवार को पार्टी के केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक भी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। भाजपा की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन के मद्देनजर सभी 70 सीटों के लिए पैनल को अंतिम रूप दे दिया गया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में समिति की बैठक करीब डेढ़ घंटे चली। अब यह पैनल दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड को सौंपा जाएगा, जो टिकट का निर्धारण करेगा।

बैठक में केंद्रीय मंत्री और प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रल्हाद जोशी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत व विजय बहुगुणा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र भंडारी व सुरेश भट्ट, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज व धन सिंह रावत, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल आदि मौजूद हैं।

उत्तराखंड की सभी 70 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन के लिए भाजपा मंथन में जुट गई है। विधानसभा की 27 सीटें ऐसी हैं, जिनमें प्रत्याशियों के टिकट लगभग तय हैं और पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड से उनके नाम का केवल औपचारिक एलान होना बाकी है। रविवार को पार्टी की ओर से सभी दावेदारों के पैनल की सूची दिल्ली में केंद्रीय संसदीय बोर्ड को सौंपी जाएगी। माना जा रहा कि भाजपा दो चरणों में प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। पहली नामांकन प्रक्रिया शुरू होने, यानी 21 जनवरी से पहले और दूसरी सूची 25 जनवरी तक जारी की जा सकती है।

### कोर ग्रुप की बैठक से हरक सिंह रावत नदारद

भाजपा के प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक में कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत गैरमौजूद हैं। इसको लेकर सियासी गलियारों में हरक सिंह को लेकर फिर से चर्चाएं होने लगी है। इसे हरक की नाराजगी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। संपर्क करने पर हरक ने कहा कि उन्हें कोर ग्रुप की बैठक की सूचना देर से मिली। इस वजह से वह बैठक में नहीं पहुंच पाए।

# उत्तराखंड नवनिर्माण के लिए 'आप' पार्टी को लाना होगा

जनसंपर्क

■ जोशियाड़ा समेत कई गांवों में कर्नल कोठियाल ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**संवाददाता**

देहरादून। आम आदमी पार्टी के सीएम उम्मीदवार कर्नल कोठियाल ने शनिवार को गंगोत्री विधानसभा में एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि सन 2013 में उत्तरकाशी मेरी कर्मभूमि बनी। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना ब्रिटिश सेना से अलग हुई थी और उसने अपनी कमांड की थी तो आज के दिन फील्ड मार्शल के. एम करिअप्पा ने जनरल कूचर से भारतीय सेना की कमान ली थी। इसके अलावा पत्रकार वार्ता में मशहूर लोकगायक रजनीकांत सेमवाल भी कर्नल कोठियाल के साथ मौजूद थे जिन्होंने आज विधिवत कर्नल कोठियाल को अपना समर्थन दिया। कर्नल कोठियाल ने इस दौरान कहा, लोक कलाकार और पंडित समाज से जुड़े हुए रजनीकांत सेमवाल ने आज आम आदमी पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन दिया है जिसके लिए वह रजनीकांत सेमवाल का धन्यवाद करते हैं। उत्तरकाशी में पढ़ें रजनीकांत ने स्नातक देहरादून के डिग्री कॉलेज से किया। उन्होंने कहा कि रजनीकांत सेमवाल ने संगीत की शिक्षा इलाहाबाद से ली और उसके बाद लोकगायक के तौर पर लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई। उन्होंने विदेशों में रह रहे लोगों को भी उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि रजनीकांत सेमवाल ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता नहीं ली लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर अपना पूर्ण समर्थन पार्टी को दिया है। रजनीकांत सेमवाल ने इस दौरान कहा कि 2013 में मेरी कर्नल कोठियाल से मुलाकात हुई थी जिस दौरान उनके स्वभाव से मैं काफी प्रभावित हुआ। उन्होंने आगे कहा कि केदारनाथ आपदा के दौरान जब सभी ने अपने हाथ खड़े कर दिए थे तो कर्नल कोठियाल ने आगे बढ़कर इस चुनौती को स्वीकार किया।




### दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने किया नवपरिवर्तन संवाद

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने उत्तराखंड की जनता से वर्चवली जुडते हुए नव परिवर्तन संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश एक बहुत बड़े आंदोलन के बाद बना , जिसके लिए यहां के लोगों ने एक बहुत बड़ा आंदोलन लड़ा,लेकिन कांग्रेस बीजेपी ने बारी–बारी से इस प्रदेश को लूटने का काम किया और जनता की आशाओं के अनुरूप उन दोनों ने कोई काम नहीं किया। लोगों को जो उम्मीदें थी जो आशाएं थी उनमें से कोई भी पूरी नहीं हो पाई ,ना तो शिक्षा के लिए कुछ किया गया ,ना स्कूलों के लिए कुछ किया गया, ना महिलाओं के लिए कुछ किया गया ,ना रोजगार के लिए कुछ किया गया । आज उत्तराखंड का नौजवान उसको मजबूरन रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है। उत्तराखंड के कई गांव आज वीरान हो चुके हैं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।